# महत्वपूर्ण एवं खास

## साईबर ठगो से बचने पुलिस ने जारी किया अलर्ट

### पुलिस केस में फंसा है आपका बच्चा कह कर कर रहें हैं ठगी

**राजनांदगांव (आरएनएस)।** राजनांदगांव पुलिस ने साईबर ठगो से बचने के लिए अलर्ट जारी किया है। पुलिस ने अनुसार ठग लोगों को आप का बच्चा रेप केस/ड्रग केस/ठगी केस/ऐक्सीडेंट हो गया है जैसे बात बता कर रूपयों की मांग कर रहे है। जिससे सावधान रहने के लिए पुलिस ने आमजनों के लिए अलर्ट जारी किया है। पुलिस के अनुसार साइबर ठगों द्वारा लोगों को ठगने के लिए नए-नए हथकंडे अपनाये जाते रहें हैं। इसी क्रम में अब साइबर ठग अभिभावकों को फोन करके बताते है कि हम पुलिस वाले बोल रहें हैं आपके रिस्तेदार विशेषकर (बेटा/बेटी) को रेप केस/ड्रग सप्लाई केस/ठगी केस/ऐक्सीडेंट हो गया है जो वर्तमान में थाने में बंदी बनाये जाने की फर्जी बात करते है और अभिभावकों द्वारा बच्चे से बात कराओ कहने पर बच्चे का रोने/कहराने की फेक ऑडियों रिकार्ड सुनाते है। अभिभावक से उनके बच्चे को छोडऩे के बदले पैसे की मांग करते है और धमकाते रहते है, फोन काटने का मौका नहीं देते जिससे अभिभावन घबरा कर तत्काल सायबर ठगों को उनके बताये यू.पी. आई. आई.डी. पर रूपये ट्रांसफर कर देते हैं।

## लापता तीन बालिकाएं मिलीं दादी के घर

**कोरबा (आरएनएस)।** एकाएक लापता हुई तीन बालिकाओं के कारण तनाव में आए परिजनों को राहत मिली है। पता चला है कि बालिकाएं कुछ किलोमीटर दूर स्थित दादी के घर पहुंच गईं। इसके पीछे सामान्य वजह सामने आई। सीएसईबी पुलिस ने गुम इंसान के मामले को जीरो करने की बात कही है। सीएसईबी चौकी प्रभारी भीम यादव ने बताया कि बुधवार को बरपारा कोहडिय़ा क्षेत्र में एक परिवार की तीन कम उम्र की बालिकाएं घर से कहीं चलीं गई थीं। कुछ देर तक परिजन यही मानकर चल रहे थे कि उनकी उपस्थिति आसपास में होगी ओर वे घर आ जाएंगी। कई घंटे बीतने पर जब नतीजे नहीं मिले तो चिंता बढ़ी तो इस बारे में पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद तलाश का काम तेज किया गया। संपर्कों के आधार पर जांच पड़ताल करने पर मालूम चला कि बरपारा से खेलते-खेलते बालिकाएं आगे निकल गई और बालकोनगर के चेकपोस्ट जा पहुंचीं। वहां पर उनकी दादी निवासरत है। उनके संरक्षण में बालिकाओं के होने की खबर मिलने से बरपारा के परिजन तनावमुक्त हुए। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई है।

## एचटीपीएस में श्रमिक दिवस पर कर्मियों का हुआ सम्मान

**कोरबा (आरएनएस)।** हसदेव ताप विद्युत गृह, कोरबा पश्चिम में 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस संयंत्र के कार्यपालक निदेशक(उत्पा.) संजय शर्मा की मेजबानी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ,इस अवसर पर देश की उन्नति तथा प्रगति एवं औद्योगिक विकास में श्रमशक्ति के अहम योगदान को स्मरण करते हुए श्रम अधिकारों के प्रति जागरूकता के प्रचार प्रसार हेतु रैली का आयोजन संयंत्र प्रमुख संजय शर्मा, अति. मुख्य अभियंता पी.के स्वेन, एम.एस खान, सुधीर कुमार पंड्या, एम.के गुप्ता, आर.के पांडेय एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ – ए.के कुरनाल के नेतृत्व में ह.ता.वि.गृह आवासीय परिसर से दर्री डेम के बीच किया गया, जिसके प्रति संयंत्र के अधिकारियों/कर्मचारियों एवं ठेका-कर्मियों में उत्साह एवं आकर्षण देखने को मिला। कार्यक्रम में विशेष तौर पर श्रम निरीक्षक रामरतन कंवर की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन अहम रहा,अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्य अतिथि संजय शर्मा ने कहा कि श्रमिक अधिकारों को समर्पित यह दिवस वर्ष 1889 से दुनिया भर में प्रतिवर्ष मई माह की पहली तारीख को मनाया जाता है । यह एक महत्वपूर्ण अवसर है जब श्रमिकों के संघर्षों और मांगों को सुनिश्चित किया जाता है और उन्हें उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए आवाज उठाने का मौका मिलता है।

## युवक पर चाकू से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी (आरएनएस)।** जिले के कोतवाली पुलिस के टीम ने युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से बटनदार चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पीडि़त का आरोपी के शादीशुदा बहन के साथ प्रेम प्रसंग था, जिसको पीडि़त पहले अपने साथ भगा कर ले गया था। कुछ दिन बाद वापस आने के बाद आरोपी के परिजन उनको ससुराल भेज दिये थे। पीडि़त द्वारा प्रेम प्रसंग के चलते आरोपी के बहन के नाम के लिखवाये गोदना को मोहल्ले के लोगों को दिखाता था। जिससे आरोपीगणों को शर्मिंदगी महसूस होता था। उसी बात के गुस्से एवं पुराने रंजिश को लेकर कल आरोपी अजय सिन्हा 23 वर्ष निवासी सुंदरगंज वार्ड सिहावा के द्वारा प्रार्थी को देखकर धारदार स्प्रिंगदार चाकू से हत्या करने के नियत से प्राणघातक वार कर प्रार्थी के बांये पीठ, दाहिने सिर, दाहिने कोहनी व बांये हाथ के अंगूली में मारकर गंभीर चोट पहुंचाया है।

# छत्तीसगढ़ से होकर गुजरने वाली 22 ट्रेनें रद्द, यात्रियों को होगी परेशानी

**रायपुर । आरएनएस**



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाले रेल मंडलों में लगातार अधोसंरचना का काम किया जा रहा है। जिसके चलते रेलवे ने छत्तीसगढ़ से होकर गुजरने वाली 22 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। इन ट्रेनों के रद्द होने से गर्मी छुट्टी और शादी विवाह के सीजन के बीच यात्रियों परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

मिली जानकारी के अनुसार रेलवे प्रशासन की ओर से अधोसंरचना विकास के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर रेल मंडल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) रेलवे स्टेशन एलएचएस पुशिंग का काम किया जाएगा। यह काम 8 से 10 मई तक और 19 से 30 मई तक किया जा रहा है, जिसके चलते कई ट्रेनें रद्द रहेगी।

8 से 10 मई, 2024 तक डोंगरगढ़ से चलने वाली 08711 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

9 से 11 मई, 2024 तक गोंदिया से चलने वाली 08712 गोंदिया-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

8 से 10 मई, 2024 तक गोंदिया से चलने वाली 08713 गोंदिया-सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

9 से 11 मई, 2024 तक सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 08716 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) -गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

9 से 11 मई, 2024 तक सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 08756 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) रामटेक मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

9 से 11 मई, 2024 तक रामटेक से चलने वाली 08751 रामटेक-सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

8 से 10 मई, 2024 तक सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 08754 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) –रामटेक मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 8 से 10 मई, 2024 तक रामटेक से चलने वाली 08755 रामटेक-सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

8 से 10 मई, 2024 तक सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 08714 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) बालाघाट मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 8 से 10 मई, 2024 तक बालाघाट से चलने वाली 08715 बालाघाट-सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

8 से 10 मई, 2024 तक सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 08281 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)- तिरोडी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

8 से 10 मई, 2024 तक तिरोडी से चलने वाली 08284 तिरोडी-तुमसर रोड पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

8 से 10 मई, 2024 तक तुमसर रोड से चलने वाली 08283 तुमसर रोड-तिरोडी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

8 से 10 मई, 2024 तक तिरोडी से चलने वाली 08282 तिरोडी- सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

6 से 08 मई, 2024 तक टाटानगर से चलने वाली 18109 टाटानगर-सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

8 से 10 मई, 2024 तक सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 18110 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)- टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

8 से 10 मई, 2024 तक नागपुर से चलने वाली 11201नागपुर- शहडोल एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

9 से 11 मई, 2024 तक शहडोल से चलने वाली 11202 शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

# शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में दस दिवसीय समर कैम्प शुरू

**❑ वर्तमान शिक्षा जीविकोपार्जन तक सीमित ... ब्रह्माकुमारी सविता**

**रायपुर । आरएनएस**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिक्षाविद सेवा प्रभाग द्वारा बच्चों के नैतिक एवं आध्यात्मिक उत्थान के लिए शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में आयोजित समर कैम्प का शुभारम्भ इन्दिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चन्देल, आंजनेय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. टी. रामाराव, रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी और ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया।

इन्दिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चन्देल ने कहा कि पहले घर में माता-पिता और बुजुर्गों से जो शिक्षा मिलती थी वह आज नहीं मिल पा रही है। नैतिक शिक्षा के अभाव में हम बच्चों को भविष्य में मिलने वाली असफलता के लिए तैयार नहीं कर पा रहे हैं। फलस्वरूप बच्चे अपने जीवन को ही समाप्त कर लेते हैं। वर्चुअल शिक्षा पर ज्यादा निर्भर होने के कारण परिवार में वैचारिक लेन-देन का अभाव सा हो गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धा के युग में टिके रहने के लिए आशा और निराशा दोनों का सामना करने की शक्ति हमारे अन्दर होनी चाहिए। इसलिए पारम्परिक शिक्षा पद्धति में नैतिक शिक्षा को शामिल करने की जरूरत है।

आंजनेय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. टी. रामाराव ने कहा कि जीवन में अनेक समस्याएं आएंगी किन्तु उन चुनौतियों से घबराकर दूर नही भागना है। बल्कि उनका सामना कर आगे बढऩा है। तभी हम सफल कहलाएंगे। उन्होंने बतलाया कि घड़ी को अंग्रेजी में वाच कहते हैं। इसका एक-एक शब्द हमें शिक्षा देता है। पहला शब्द है डब्लू जो कि हमें बतलाता है कि वाच युअर वर्ड अर्थात अपने शब्दों पर ध्यान दो। सबसे मीठा बोलो। कटु वचन न बोलो। फिर है -ए शब्द जो कहता है कि वाच युअर एक्शन अर्थात अच्छे कर्म करो। फिर आता है -टी शब्द जो कहता है कि वाच युअर थॉट्स। सदैव सबके लिए शुभ सोचो। फिर है सी अर्थात वाच युअर कैरेक्टर। हमारा व्यवहार ठीक हो। अन्त में है-एच शब्द जो कहता है कि वाच युअर हार्ट अर्थात इस जगत में जितने प्राणी हैं उन सबके साथ प्रेम से रहना।

रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कहा कि आज बच्चों के सामने जीवन को महान बनाने का कोई लक्ष्य नहीं है। जिसके परिणामस्वरूप वर्तमान शिक्षा महज जीविकोपार्जन का माध्यम बनकर रह गई है। ऐसे समय पर ब्रह्माकुमारी संस्थान एकमात्र ऐसा संगठन है जहॉं पर मानव मात्र को दैवी गुणों से सम्पन्न बनाने का कार्य किया जा रहा है।

राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी ने कहा कि बाल्यावस्था जीवन का सबसे अनमोल समय है। इस समय हम जैसा चाहें वैसा अपने संस्कारों और विचारों को ढाल सकते हैं। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ दैवी गुणों को धारण करने पर भी पूरा ध्यान देना चाहिए। तब ही उनका व्यक्तित्व सम्पूर्ण और आकर्षक बन सकेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार प्रियंका कौशल ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी रूचिका दीदी ने किया।

# रेत के अवैध परिवहन करते पाए जाने पर 16 वाहन जब्त

**गरियाबंद । आरएनएस**

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर लगाकर कार्यवाही की जा रही है।इसी कड़ी में आज राजिम एसडीएम अर्पिता पाठक, तहसीलदार राजिम अजय चन्द्रवंशी,सहायक खनिज अधिकारी फागुलाल नागेश,जिला परिवहन अधिकारी रविन्द्र ठाकुर,खनि निरीक्षक सुभाष चन्द्र साहू के संयुक्त टीम द्वारा राजिम एवं फिंगेश्वर क्षेत्र में रावड़,हथखोज, चौबेबांधा और सिंधौरी से रेत के अवैध परिवहन करते पाये जाने पर 14 वाहन राजिम थाना में एवं 2 हाईवा फिंगेश्वर थाना में जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है।इसी कड़ी में वाहन क्रमांक सीजी 07 सीआर 9031 चालक हेमंत भारती,सीजी 07 सीएन 9029 चालक संजय साहू,वाहन क्रमांक सीजी 04 एनएक्स 4480 चालक राकेश कुमार उरांव,वाहन क्रमांक सीजी 04 एमए 0655 चालक गोवर्धन निषाद,वाहन क्र.सीजी 25 जे 7234 चालक रामसुरत,वाहन क्र. सीजी 04 एलयू 0307 चालक शैलेन्द्र धीवर,सीजी 04 एमएन 6415, सीजी 04 एमएन 4614, सीजी 04 एनवी 4986, सीजी 04 एमपी 4464, सीजी 04 एलपी 1410, सीजी 04 पीई 5105, सीजी 07 बीआर 7574, सीजी 07 सीएम 6356, सीजी 07 बीएफ 1006 को जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है।

# कुदमुरा रेंज में पहुंचे 36 हाथियों का दल

**कोरबा । आरएनएस**

वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज में 36 हाथियों का दल फिर पहुंच गया है। धरमजयगढ़ क्षेत्र से धमके हाथियों के इस दल ने रेंज अंतर्गत गुरमा गांव में एक दर्जन ग्रामीणों के खेतों में लगे धान की फसल को रौंद दिया है। जिससे संबंधितों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। हाथियों के इस दल में 7 नर, 20 मादा तथा 9 शावक शामिल हैं, जिसने क्षेत्र में आते ही उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। हाथियों के इस दल के श्यांग व सिमकेदा की ओर आगे बढऩे की संभावना है। जिसे देखते हुए संबंधित अमले को सतर्क कर दिया गया है। एक अनुमान के मुताबिक हाथियों के ताजा उत्पात में ग्रामीणों को हजारों रुपए की चपत लगी है। वन अमला द्वारा इसका आंकलन कर रिपोर्ट तैयार की जा रही है जिसे मुआवजा स्वीकृति के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपा जाएगा। वन विभाग की ओर से वन्य प्राणियों द्वारा संपत्ति को नुकसान पहुंचाए जाने पर उसकी भरपाई के लिए पीडि़तों को मुआवजा दिए जाने का प्रावधान है। गुरमा क्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथियों के विचरण करने से ग्रामीणों में भय का वातावरण है। हालांकि वन विभाग द्वारा हाथियों की गहन निगरानी की जा रही है।

उधर कटघोरा वनमंडल के केंदई व एतमानगर परिक्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथियों की सक्रियता लगातार बनी हुई है जिससे ग्रामीणों को खतरा कायम है। यहां वन विभाग द्वारा हाथियों की निगरानी थर्मल ड्रोन के जरिए कराई जा रही है। इसके लिए विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बारी-बारी से ड्यूटी लगाई गई है जो मौके पर पहुंचकर हाथियों को निगरानी में जुटे रहते हैं।

# घर आजा संगी संदेश से घर लौट आए मतदाता : मतदाताओं तक पहुंचा जिला प्रशासन सारंगढ़ बिलाईगढ़ का संदेश

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू द्वारा स्वयं और उनके नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा किए गए कॉलिंग, वीडियो कॉलिंग के निमंत्रण पर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के मतदाता ने सुंदर जवाबी प्रतिक्रिया में घर लौटना प्रारंभ कर दिया है। जिले के कई गांवों में ऐसे मतदाता लौट रहे हैं। ऐसे ही सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम गंजईभौना में पति-पत्नी के लौटने पर



जिला प्रशासन द्वारा उनका स्वागत ढोलक मंजीरा बजाकर और फूल-माला तिलक लगाकर किया गया। यह हर्ष का विषय है कि लोकतंत्र के पर्व और देश के गर्व में शामिल होने के लिए जिले के नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए निष्ठापूर्वक और गरिमापूर्ण समय अवधि में लौट रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने जिले के ऐसे सभी मतदाताओं को जो रोजगार की तलाश में या अन्य किसी कारणवश बाहर निवास कर रहे हैं। 7 मई तक अपने घर लौट आने और मतदान करने के लिए अपील किया है। कलेक्टर ने आगे कहा है कि ऐसे मतदाता जो जून-जुलाई में खेती किसानी के समय लौटकर आते हैं वो इस साल लोकतंत्र के लिए समय पर मतदान के लिए 7 मई तक लौटकर आ जाएं।

# दुर्ग जिले में प्रवर्तन एजेंसी ने किया 7 करोड़ 59 लाख 25 हजार रुपए नकदी जब्त : सोना, चांदी, शराब और अन्य सामान भी जब्त


**दुर्ग । आरएनएस**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव अंतर्गत दुर्ग जिले में चुनाव से संबंधित अवैध व्यय को रोकने के लिए पुलिस विभाग, आयकर विभाग, केंद्रीय/राज्य वस्तु एवं सेवा कर विभाग, आबकारी विभाग, उत्पाद शुल्क विभाग, रेलवे पुलिस बल आदि प्रवर्तन एजेंसियां कार्यरत है। इसके अलावा विधानसभावार 66 उडऩदस्ते और 66 स्थैतिक निगरानी टीमें गठित की गई हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर बजरंग दुबे ने बताया कि लोकसभा चुनाव की घोषणा तिथि 16 मार्च 2024 से उडऩदस्ता दल (एफएसटी) प्रत्येक विधानसभा के लिए 3 शिफ्टों में 9 टीमों में काम कर रही है। प्रत्येक टीम में 1 मजिस्ट्रेट, 1 पुलिस अधिकारी, 1 सहायक और 1 वीडियोग्राफर हैं। विधानसभावार 66 स्थैतिक निगरानी टीमों के लिए 22 चेक पोस्ट चिन्हित किए गए हैं और 3 शिफ्टों में ड्यूटी ली जा रही है। इनकी ड्यूटी अधिसूचना 12 अप्रैल 2024 से ली जा रही है। इसके पूर्व 02 अप्रैल 2024 से स्थैतिक निगरानी दल की 5 टीमों से जिला बालोद एवं जिला राजनांदगांव की सीमा पर आने-जाने वाले वाहनों की जांच का कार्य लिया जा रहा है। जिला में अब तक कुल 3,76,10,000/- (तीन करोड़ छिहत्तर लाख दस हजार रुपये) नकद और 3,83,15,000/-(तीन करोड़ तिरासी लाख पन्द्रह हजार रुपये) की शराब, नशीला पदार्थ, कीमती आभूषण आदि सामान जब्त किया गया है। ये सभी टीमें सामान्य पर्यवेक्षक एस.बी. शेट्टेनवार (आईएएस) और श्रीकेश लाठकर (आईएएस), पुलिस पर्यवेक्षक अनुपम शर्मा (आईपीएस), चुनाव व्यय पर्यवेक्षक प्रसन्ना वी. पट्टनशेट्टी (आईआरएस), कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी (आईएएस) एवं पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला (आईपीएस) के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में कार्य कर रहे हैं। साथ ही उनके द्वारा उपरोक्त सभी टीमों की नियमित समीक्षा की जा रही है।

# तेंदूपत्ता तोड़ने गए दो ग्रामीण भालू के हमले से घायल

**गरियाबंद । आरएनएस**

गुरुवार सुबह जिला मुख्यालय से लगे ग्राम घुटकूनवापारा और ग्राम बेहराबुढ़ा तेंदूपत्ता तोडऩे गए ग्रामीणों पर जंगली भालू ने हमला कर दिया।भालू के हमले के दो लोग घायल हो गए है।जिसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। जानकारी के मुताबिक पहली घटना ग्राम घुटकूनवापारा की।सुबह करीब 6 बजे तेंदूपत्ता तोडऩे जंगल गए सुदर्शन साहू पिता घासीराम साहू पर अचानक भालू ने पीछे से हमला का दिया।।इस दौरान उनकी पत्नी भी साथ थी। चीख पुकार मची तो भालू वहां से भाग निकला। हमले में सुदर्शन के पीछे कमर में सुर चोट लगी है।दूसरी घटना वहां से महज तीन किमी दूर ग्राम बेहराबुढ़ा की है। यहां



पहाड़ी क्षेत्र में तेंदूपत्ता तोडऩे गए विराज ध्रुव पिता श्याम लाल ध्रुव भालू के हमले में घायल हो गया। विराज के सिर में गंभीर चोट लगी है।उसके साथ गए ग्रामीणों ने भालू के हमले से विराज को बचाया। जिसके बाद सरपंच मनीष ध्रुव ने उसे अस्पताल पहुंचाया।घटना के बाद दोनों ग्रामीणों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

इस संबंध सरपंच मनीष ध्रुव ने कहा कि तेंदूपत्ता तोडऩे को लेकर ग्रामीणों में उत्साह है। लेकिन जंगली जानवर के हमले से खतरा भी है।उन्होंने आसपास अंचल के लोगो से अपील करते हुए कहा कि कभी भी अकेले जंगल में ना जाए।ग्रुप बनाकर जाए। बचाव हेतु लाठी भी साथ रखे।

उल्लेखनीय है गर्मी के दिनों में जंगल के अंदर पानी का स्रोत सुख जाने के चलते जंगली जानवर आसपास के नदी नालों और बड़े तालाब की ओर रुख करते है। ग्रामीण ओर पहाड़ी क्षेत्र से पैरी नदी लगे होने के कारण अक्सर जंगली जानवर भालू और तेंदुआ गर्मी के दिनों के पैरी नदी के आसपास नजर आते है। अधिकांशत रात 11, 12 बजे या फिर सुबह 4 से 6 बजे के बीच ये पानी पीने निकलते है और अधिक सक्रिय रहते है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU